रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** A और B किसी काम को 14 दिन में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 56 दिन में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का तीन-चौथाई भाग कितने दिन में पूरा कर सकता है?

**Ans**
✗ 1. 42
✗ 2. 28
✓ 3. 14
✗ 4. 56

**Q.2** रेग्युलेटिंग एक्ट 1773 के अनुसार, गवर्नर जनरल की शक्तियों और उत्तरदायित्वों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गलत है?

**Ans**
✗ 1. फोर्ट विलियम की नागरिक सरकार के लिए नियम और विनियम बना सकता है
✓ 2. अपनी परिषद के निर्णय को रद्द कर सकता है
✗ 3. युद्ध और शांति काल में मद्रास और बम्बई प्रेसीडेंसियों को नियंत्रित कर सकता है
✗ 4. युद्ध और शांति काल में मद्रास और बम्बई प्रेसिडेंसियों का अधीक्षक बनने का अधिकार

**Q.3** एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का 52% खर्च करता है, वह प्रति माह ₹7,740 बचाता है। उसका मासिक खर्च (₹ में) कितना है?

**Ans**
✗ 1. 8,460
✓ 2. 8,385
✗ 3. 8,348
✗ 4. 8,344

**Q.4** अक्टूबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

**Ans**
✓ 1. विजया किशोर रहाटकर
✗ 2. अंजू राठी राणा
✗ 3. आरती सरीन
✗ 4. अमित कुमार

**Q.5** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

428, 405, 372, ?, 276, 213

**Ans**
✗ 1. 319
✗ 2. 339
✓ 3. 329
✗ 4. 229

**Q.6** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल कब तक के लिए बढ़ा दिया गया है?

Ans

✗ 1. मार्च 2028

✗ 2. मार्च 2026

✗ 3. मार्च 2029

✓ 4. मार्च 2027

**Q.7** 2024 में शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
इस योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों का समग्र विकास करना है।
इस योजना का लाभ, अन्य आदिवासी क्षेत्रों को छोड़कर अनुसूचित क्षेत्रों वाले केवल 10 राज्यों को मिलता है।
इसका शुभारंभ 2 अक्टूबर 2024 को झारखंड में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया था।

Ans

✗ 1. केवल 2

✗ 2. केवल 1 और 3

✓ 3. केवल 1

✗ 4. 1, 2 और 3

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा, विकल्प भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में अंतिम वस्तु है?

Ans

✓ 1. बिस्कुट

✗ 2. चीनी

✗ 3. गेहूँ

✗ 4. आटा

**Q.9** मि. फ़िलिक्स बिंदु A से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 19 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 5 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 33 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। वे अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 14 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans

✗ 1. दक्षिण की ओर 2 km

✗ 2. उत्तर की ओर 8 km

✓ 3. पूर्व की ओर 4 km

✗ 4. पश्चिम की ओर 1 km

**Q.10** हड़प्पाकालीन व्यापार संबंध निम्नलिखित में से किस स्थान तक फैले थे?

Ans

✓ 1. मेसोपोटामिया

✗ 2. फारस

✗ 3. रोम

✗ 4. ग्रीस

**Q.11** द्विघात समीकरण $3x^2 - 7x + 1 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. $\frac{(7 + \sqrt{37})}{1.5}$ & $\frac{(7 - \sqrt{37})}{1.5}$

✗ 2. $\frac{(-7 + \sqrt{37})}{3}$ & $\frac{(7 + \sqrt{37})}{1.5}$

✓ 3. $\frac{(7 + \sqrt{37})}{6}$ & $\frac{(7 - \sqrt{37})}{6}$

✗ 4. $\frac{(-7 + \sqrt{37})}{3}$ & $\frac{(-7 - \sqrt{37})}{3}$

Q.12 यदि पहली संख्या का 18%, दूसरी संख्या के $\frac{4}{5}$ के बराबर है, तो पहली संख्या संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 43 : 5
2. 40 : 9
3. 42 : 13
4. 41 : 6

Q.13 0.01 सेकंड की अवधि वाली ध्वनि तरंग की आवृत्ति ___________ होती है।

Ans
1. 10 Hz
2. 1000 Hz
3. 100 Hz
4. 0.1 Hz

Q.14 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : KSB :: NVE : %

Ans
1. # = FNW, % = SUY
2. # = FUW, % = SAJ
3. # = FNW, % = SAJ
4. # = FNW, % = SAI

Q.15 A की वर्तमान आयु के 6 गुने और B की वर्तमान आयु के 4 गुने का योग 156 वर्ष है। B की वर्तमान आयु का 2 गुना, A की वर्तमान आयु के 9 गुने से 30 वर्ष अधिक है। अब से 9 वर्ष बाद, A और B की आयु का योग (वर्ष में) कितना होगा?

Ans
1. 55
2. 50
3. 46
4. 51

Q.16 भारत में 500 और 1000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण की घोषणा किस वर्ष की गई थी?

Ans
1. 2014
2. 2018
3. 2020
4. 2016

Q.17 एक यात्रा का एक-तिहाई भाग 31 km/hr की चाल से तय किया जाता है, अगला एक-तिहाई भाग 4 km/hr की चाल से तय किया जाता है, तथा शेष यात्रा 34 km/hr की चाल से तय की जाती है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (km/hr में, एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9.6
2. 3.1
3. 7.1
4. 6.3

Q.18 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B, F के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A और C के बीच केवल F बैठा है। G, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
D के बाएं से गिनने पर A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक
2. तीन
3. चार
4. दो

Q.19 एक ट्रेन 1495 m लंबी है और 54 km/hr की चाल से चलते हुए एक प्लेटफॉर्म को 2.8 मिनट में पार करती है। ट्रेन और प्लेटफॉर्म की लंबाई के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 472 m
✗ 2. 467 m
✗ 3. 461 m
✓ 4. 470 m

Q.20 MS वर्ड 365 में पैराग्राफ इंडेंटेशन हटाने के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट क्या है?

Ans
✓ 1. Ctrl + Shift + M
✗ 2. Ctrl + Tab
✗ 3. Ctrl + Shift + I
✗ 4. Ctrl + M

Q.21 भारत के विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-2024 में यात्री यातायात के संबंध में भारत का कौन-सा हवाई अड्डा सबसे व्यस्त हवाई अड्डा था?

Ans
✗ 1. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई
✗ 2. राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद
✗ 3. केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु
✓ 4. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली

Q.22 प्रारंभिक हिमाचल प्रदेश प्रांत के निर्माण के लिए 1948 में किस क्षेत्र को शामिल किया गया था?

Ans
✗ 1. पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्य संघ
✗ 2. राजपूताना
✗ 3. छत्तीसगढ़
✓ 4. शिमला पहाड़ी राज्य

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 'टांका' या 'कुंड' जैसी अपनी विलक्षण जल संरक्षण विधियों के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
✓ 1. राजस्थान
✗ 2. उत्तर प्रदेश
✗ 3. कर्नाटक
✗ 4. मध्य प्रदेश

Q.24 विंडोज 11 में, फ़ाइल को रीनेम करने का प्रयास करते समय 'Access is denied' त्रुटि क्यों प्राप्त होती है?

Ans
✗ 1. गलत ड्राइव लेटर का उपयोग करने के कारण।
✗ 2. रीसायकल बिन से रीनेम किए जाने के कारण।
✓ 3. फ़ाइल की ओनरशिप बदल जाने के कारण।
✗ 4. फ़ाइल का कोई एक्सटेंशन न होने के कारण।

Q.25 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। R की परीक्षा गुरुवार को होती है। U और T के बीच ठीक 4 लोगों की परीक्षा होती है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं होती है। S की परीक्षा Q से ठीक पहले होती है। P की परीक्षा शुक्रवार को नहीं होती है। U की परीक्षा Q के बाद नहीं होती है। Q के बाद कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
✗ 1. 1
✓ 2. 4
✗ 3. 2
✗ 4. 3

Q.26 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**HMP : KON**
**USQ : XUO**

Ans
✔ 1. DLV : GNT
✘ 2. KWZ : GSC
✘ 3. BIO : FNK
✘ 4. DWP : JZI

Q.27 प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) वैश्वीकरण का एक प्रमुख पहलू है। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए FDI का प्रमुख लाभ क्या है?

Ans
✘ 1. कर में वृद्धि
✘ 2. मुद्रा मूल्यह्रास
✔ 3. प्रौद्योगिकी और रोजगार तक पहुंच
✘ 4. व्यापार घाटा

Q.28 यदि किसी डेटा की माध्यिका उसके बहुलक से 46.36 कम है, तो उस डेटा की माध्यिका उसके माध्य से _____ अधिक होगी। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

Ans
✘ 1. 18.76
✔ 2. 23.18
✘ 3. 19.14
✘ 4. 20.83

Q.29 यदि $\sin B = \frac{\sqrt{3}}{2}$ है, तो $(\sqrt{3}\ \operatorname{cosec} B + \sec B - 4)$ का मान ज्ञात करें।

Ans
✘ 1. $\sqrt{3}$
✘ 2. 2
✔ 3. 0
✘ 4. 3

Q.30 यदि '÷' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**612 ÷ 45 + 13 × 936 – 78 = ?**

Ans
✘ 1. 106
✘ 2. 15
✔ 3. 39
✘ 4. 112

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सा नागाओं का युद्ध नृत्य है?

Ans
✘ 1. थांग टा
✘ 2. अलकप
✘ 3. दण्ड-जात्रा
✔ 4. रंगमा

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | सात बॉक्स, D, E, F, G, S, T और U, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। G के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। T और S के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। S को G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E को S के ठीक नीचे रखा गया है। F को D के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। U को T के ठीक ऊपर या ठीक नीचे नहीं रखा गया है। कौन-सा बॉक्स सबसे नीचे रखा गया है? | |
| Ans | ✔ 1. D<br>✘ 2. F<br>✘ 3. T<br>✘ 4. U | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✘ 1. KM - HJ<br>✘ 2. NP - KM<br>✔ 3. MP - LK<br>✘ 4. HJ - EG | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br><br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br><br>उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P + Q – R ÷ S x T' है, तो P का T से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✘ 1. बहू<br>✘ 2. पिता की बहन<br>✔ 3. पुत्री के पति की बहन<br>✘ 4. बहन के पति की माता | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | यदि वृत्त की त्रिज्या 16.2 इकाई और चाप की लंबाई 5 इकाई हो, तो त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ 1. 46.5 वर्ग इकाई<br>✘ 2. 44.5 वर्ग इकाई<br>✘ 3. 42.5 वर्ग इकाई<br>✔ 4. 40.5 वर्ग इकाई | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज (पूर्ण स्वतंत्रता) का प्रस्ताव पारित किया गया था? | |
| Ans | ✘ 1. कराची अधिवेशन, 1931<br>✔ 2. लाहौर अधिवेशन, 1929<br>✘ 3. कलकत्ता अधिवेशन, 1920<br>✘ 4. लखनऊ अधिवेशन, 1916 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | निम्नलिखित में से कौन-सी बैंकिंग सुविधा, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा संचालित की जाती है?<br><br>1. नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT)<br>2. आधार सक्षम भुगतान प्रणाली<br>3. UPI लाइट | |
| Ans | ✘ 1. केवल 1 और 3<br>✘ 2. 1, 2 और 3<br>✔ 3. केवल 2 और 3<br>✘ 4. केवल 1 और 2 | |

**Q.38** 18%, 24% और 18% की तीन क्रमिक छूटों के बाद अंकित मूल्य का प्रभावी मूल्य प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

**Ans**
- ✔ 1. 51.10%
- ✘ 2. 54.41%
- ✘ 3. 53.54%
- ✘ 4. 48.56%

**Q.39** 2017 में किस भारतीय राज्य का मानव विकास सूचकांक (HDI) सबसे अधिक था?

**Ans**
- ✘ 1. महाराष्ट्र
- ✘ 2. गुजरात
- ✔ 3. केरल
- ✘ 4. तमिलनाडु

**Q.40** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 103 678 217 111 537 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**
- ✘ 1. 11
- ✔ 2. 8
- ✘ 3. 9
- ✘ 4. 7

**Q.41** यदि संख्या 7418536 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans**
- ✘ 1. एक भी नहीं
- ✘ 2. एक
- ✘ 3. दो
- ✔ 4. तीन

**Q.42** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 7 € 2 5 3 © 8 © 4 € 9 3 € 5 # % * 3 4 7 $ 1 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✔ 1. 6
- ✘ 2. 7
- ✘ 3. 8
- ✘ 4. 5

**Q.43** तमिलनाडु अंतरिक्ष औद्योगिक नीति 2025 के अंतर्गत अपेक्षित निवेश लक्ष्य कितना है?

**Ans**
- ✘ 1. ₹5,000 करोड़
- ✘ 2. ₹15,000 करोड़
- ✔ 3. ₹10,000 करोड़
- ✘ 4. ₹20,000 करोड़

Q.44 किस पोषक तत्व की कमी का रक्त की ऑक्सीजन-वाही क्षमता में कमी से सीधा संबंध है?

Ans
1. आयोडीन
2. आयरन
3. विटामिन A
4. कैल्शियम

Q.45 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

512 520 510 522 ? 524 506

Ans
1. 505
2. 521
3. 508
4. 520

Q.46 7, 5 और 14 का चतुर्थानुपाती, A और 10 के तृतीयानुपाती के बराबर है। A का मान कितना है?

Ans
1. 11
2. 10
3. 13
4. 8

Q.47 कोई राशि 20% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश करने पर 3 वर्ष बाद ₹8,640 हो जाती है। समान राशि पर समान दर से 2 वर्ष में साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
1. 8,640
2. 2,160
3. 4,320
4. 1,080

Q.48 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। Q की परीक्षा शनिवार को है। T और U के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, उनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं है। P की परीक्षा V के ठीक बाद है, और R की परीक्षा V से ठीक पहले है। U की परीक्षा P के बाद है। R के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
1. 3
2. 1
3. 2
4. 4

Q.49 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, कर लाभ प्राप्त करने के लिए स्टार्ट-अप निगमन (start-up incorporation) की समय सीमा कितने वर्षों के लिए बढ़ा दी गई है?

Ans
1. 4
2. 6
3. 5
4. 7

Q.50 प्रेक्षणों 35, 27, 27, 32, 25, 24, 27, 24, 32, 20, 31, 21, 29, 22, 27, 20 और 26 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32
2. 27
3. 25
4. 35

**Q.51** हड़प्पा सभ्यता के दौरान आभूषण बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता था?

Ans
- ✔ 1. हीरा (Diamond)
- ✘ 2. हाथी दांत (Ivory)
- ✘ 3. स्टीऐटाइट (Steatite)
- ✘ 4. कार्नेलियन (Carnelian)

**Q.52** एक दुकानदार ने 10% हानि पर एक पुस्तक ₹225 में बेची। 24% लाभ अर्जित करने के लिए उसे पुस्तक को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
- ✘ 1. 307
- ✔ 2. 310
- ✘ 3. 311
- ✘ 4. 308

**Q.53** ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग के लिए 2025 पुलित्ज़र जीतने हेतु द वाशिंगटन पोस्ट ने किस प्रमुख घटना को कवर किया?

Ans
- ✘ 1. टेक्सास स्कूल में गोलीबारी
- ✔ 2. डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या का प्रयास
- ✘ 3. सूडानी गृहयुद्ध
- ✘ 4. यूक्रेन पर रूसी आक्रमण

**Q.54** किसी जिले में सर्वोच्च न्यायिक अधिकारी की दोहरी भूमिका क्या होती है?

Ans
- ✔ 1. दीवानी मामलों के लिए जिला न्यायाधीश और फौजदारी मामलों के लिए सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्य करना
- ✘ 2. दीवानी मामलों के लिए न्याय पंचायत प्रमुख और फौजदारी मामलों के लिए ग्राम कचहरी प्रमुख के रूप में कार्य करना
- ✘ 3. दीवानी मामलों के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और फौजदारी मामलों के लिए मुंसिफ के रूप में कार्य करना
- ✘ 4. दीवानी मामलों के लिए अधीनस्थ न्यायाधीश और फौजदारी मामलों के लिए महानगर मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करना

**Q.55** 4.2 cm व्यास वाले एक गोले का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।

$\pi = \frac{22}{7}$ मानिए।

Ans
- ✘ 1. 188.8
- ✔ 2. 38.8
- ✘ 3. 18.8
- ✘ 4. 168.8

**Q.56** सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय राष्ट्रपति को निम्नलिखित में से किससे परामर्श करना चाहिए?

Ans
- ✘ 1. संघ लोक सेवा आयोग
- ✘ 2. विशेष रूप से विधि मंत्री
- ✔ 3. भारत के मुख्य न्यायाधीश
- ✘ 4. केवल प्रधानमंत्री

**Q.57** MS Excel में नई वर्कबुक को सहेजने (सेव करने) का सही तरीका क्या है?

Ans
- ✘ 1. 'Home' टैब पर जाएँ और 'Save' पर क्लिक करें
- ✘ 2. 'Ctrl + P' दबाएँ
- ✔ 3. 'File' टैब पर क्लिक करें और 'Save As' का चयन करे
- ✘ 4. 'Ctrl + Enter' दबाएँ

Q.58 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।
RLN PKP NJR ? JHV

Ans
1. LIS
2. LJS
3. LHP
4. LIT

Q.59 यदि संख्या 1836547 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरे तथा दायीं ओर से दूसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
1. 14
2. 10
3. 8
4. 12

Q.60 इंपीरियल सर्विस स्कीम (Imperial Service Scheme - 1885) का उद्देश्य क्या था?

Ans
1. राजसी विशेषाधिकारों को समाप्त करना
2. ब्रिटिश रक्षा के लिए सेना जुटाना, जिसका भुगतान रियासतों द्वारा किया जाता था
3. राज्यों के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाना
4. शाही परिवारों को शिक्षित करना

Q.61 यदि तीन संख्याएं 1 : 11 : 19 के अनुपात में हैं, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 8778 है, तो उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 42
2. 50
3. 54
4. 36

Q.62 एक बेईमान दुकानदार दावा करता है कि वह ₹20/kg के क्रय मूल्य वाला सेंधा नमक ₹17/kg पर बेचता है। लेकिन वह 1134 g के बजाय 567 g ही तौलता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
1. 70% का लाभ
2. 68% का लाभ
3. 73% का लाभ
4. 69% का लाभ

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा निर्देशक सिद्धांत, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित है?

Ans
1. कृषि और पशुपालन व्यवस्थापन
2. नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता
3. सहकारी समितियों को बढ़ावा देना
4. समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता

Q.64 वर्ष 1921 में एक कस्बे की जनसंख्या 3,47,900 थी। यदि दो लगातार दशकों में इसकी जनसंख्या में 50% प्रति दशक की दर से वृद्धि हुई, तो वर्ष 1941 में कस्बे की जनसंख्या कितनी थी?

Ans
1. 7,82,777
2. 7,82,775
3. 7,82,776
4. 7,82,778

Q.65 ओसाका में एक्सपो 2025 का शुभंकर क्या है?

Ans
1. म्याकू-म्याकू (Myaku-Myaku) ✔
2. मीरा-मीरा (Mira-Mira) ✘
3. किको-किको (Kiko-Kiko) ✘
4. सोरा-सोरा (Sora-Sora) ✘

Q.66 हरित बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 47 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 23 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 26 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 52 km ड्राइव करता है। वह बाएं मुड़ता है, 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 11 km ड्राइव करता है, और बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
1. 20 km दक्षिण की ओर ✘
2. 18 km दक्षिण की ओर ✔
3. 19 km उत्तर की ओर ✘
4. 24 km पूर्व की ओर ✘

Q.67 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में देश की रक्षा करने और आह्वान किये जाने पर राष्ट्रीय सेवा करने के मौलिक कर्तव्य का उल्लेख किया गया है?

Ans
1. अनुच्छेद 51A (d) ✔
2. अनुच्छेद 51A (e) ✘
3. अनुच्छेद 51A (c) ✘
4. अनुच्छेद 51A (a) ✘

Q.68 यदि 425 केले, तीन बंदरों के बीच $\frac{8}{3} : \frac{7}{5} : \frac{8}{5}$ के अनुपात में उल्लिखित क्रम में वितरित किए गए, तो तीसरे बंदर को कितने केले मिले?

Ans
1. 121 ✘
2. 120 ✔
3. 119 ✘
4. 118 ✘

Q.69 निम्नलिखित में से किस संगठन ने 2025 में सार्वजनिक सेवा के लिए पुलित्ज़र पुरस्कार जीता?

Ans
1. रॉयटर्स (Reuters) ✘
2. द न्यूयॉर्क टाइम्स (The New York Times) ✘
3. प्रोपब्लिका (ProPublica) ✔
4. द वाशिंगटन पोस्ट (The Washington Post) ✘

Q.70 एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है। यदि इसकी ऊँचाई 10 cm है, तो बेलन का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1000π ✔
2. 992π ✘
3. 1005π ✘
4. 993π ✘

Q.71 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को बदला जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : QSO :: XZV : %**

Ans
1. # = SFR, % = POS ✘
2. # = SVR, % = UWU ✘
3. # = TVR, % = UWS
4. # = TUR, % = UET

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में, 'JAIL' को '3457' और 'ARCS' को '1265' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 6
2. 1
3. 4
4. 5 ✔

Q.73 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(15, 18.2, 21.4)
(19, 22.2, 25.4)

Ans
1. (36, 39.2, 41.4)
2. (28, 30.2, 32.4)
3. (24, 27.2, 30.4) ✔
4. (43, 46.2, 48.4)

Q.74 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : LNR :: MOS : %

Ans
1. # = GIM , % = STX
2. # = GIM , % = RTY
3. # = GIM , % = RTX ✔
4. # = HIM , % = RTX

Q.75 एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 2,60,000 है, जो प्रति वर्ष 25% की दर से बढ़ रही है। 3 वर्ष पूर्व की जनसंख्या तथा 2 वर्ष पूर्व की जनसंख्या का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32,730
2. 33,280 ✔
3. 33,630
4. 32,530

Q.76 8 अप्रैल 2025 को 'तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विधानमंडल द्वारा विधेयक को पुनः पारित किए जाने के बाद राज्यपाल अपनी स्वीकृति नहीं रोक सकते।
न्यायालय ने अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए 10 लंबित विधेयकों को स्वीकृति प्राप्त मान लिया।
निर्णय में यह प्रावधान किया गया कि राज्यपाल पुनः अधिनियमित विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख सकते हैं।

Ans
1. केवल 1 और 2 ✔
2. केवल 1 और 3
3. 1, 2 और 3
4. केवल 2

Q.77 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ प्रोटीन, कार्ब्स हैं।
कुछ प्रोटीन, विटामिन हैं।
कुछ कार्ब्स, शुगर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ प्रोटीन, शुगर हैं।
(II) कुछ कार्ब्स, विटामिन हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.78 $\Delta \mathrm{ABC}$ में, $\mathrm{DE} \,||\, \mathrm{AC}$ है, जहाँ D और E क्रमशः भुजाओं AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि BD = 10 cm और AD = 17 cm है, तो $\Delta \mathrm{BDE}$ के क्षेत्रफल और समलम्ब चतुर्भुज ADEC के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 406 : 383
✗ 2. 344 : 415
✓ 3. 100 : 629
✗ 4. 629 : 100

Q.79 मार्च 2025 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दिव्यांगजन अधिकारों के संबंध में कौन सा महत्वपूर्ण निर्णय दिया?

Ans
✗ 1. इसने केवल निजी कंपनियों को ही दिव्यांग व्यक्तियों को नौकरी पर रखने की अनुमति दी।
✓ 2. इसमें कहा गया कि दिव्यांगजन अधिकार, मौलिक अधिकारों का एक भाग हैं।
✗ 3. इसने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण हटा दिया।
✗ 4. इसने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सभी परीक्षाओं पर प्रतिबंध लगा दिया।

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. VT – AR
✗ 2. TR – YP
✓ 3. YW – DV
✗ 4. GE – LC

Q.81 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$\left(\frac{2}{9}\right) \times \left(\frac{27}{10}\right) + \left(\frac{6}{5} - 5\right)$$

Ans
✗ 1. $-\frac{17}{4}$
✗ 2. $-\frac{7}{9}$
✓ 3. $-\frac{16}{5}$
✗ 4. $-\frac{9}{8}$

Q.82 यदि a + b = 50, और a − b = 42 है, तो $a^2 + b^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2500
2. 2132
3. 2578
4. 2503

Q.83 यदि '+' को '−' से प्रतिस्थापित किया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

55 ÷ 7 + 9 × 3 + 1 = ?

Ans
1. 378
2. 390
3. 381
4. 385

Q.84 भारत के राज्य उत्तर प्रदेश का एक शहर कानपुर किस प्रकार के शहर का उदाहरण है?

Ans
1. स्थानांतरण और वितरण शहर
2. प्रशासनिक शहर
3. मनोविनोदात्मक शहर
4. औद्योगिक शहर

Q.85 एक निश्चित कूट भाषा में, 'COIL' को '3457' और 'OPEN' को '1246' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 3
2. 1
3. 2
4. 4

Q.86 द्विभाषी शिलालेखों वाले सिक्के जारी करने वाला इंडो-ग्रीक राजा निम्नलिखित में से कौन था?

Ans
1. एपोलोडोटस (Apollodotus)
2. एंटियालसिडास (Antialcidas)
3. डेमेट्रियस (Demetrius)
4. मेनेंडर प्रथम (Menander I)

Q.87 भारत के विशाल मैदानों में प्रमुख मिट्टी का प्रकार क्या है?

Ans
1. लैटेराइट मृदा
2. लाल मृदा
3. काला कपास मृदा
4. जलोढ़ मृदा

Q.88 कंप्यूटर शब्दावली में ASCII, LAN और CD के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
1. ASCII का उपयोग LAN नेटवर्क में डिस्क को फ़ॉर्मेट करने के लिए किया जाता है।
2. CD रीराइटेबल (rewritable) मैग्नेटिक स्टोरेज (magnetic storage) का माध्यम है।
3. ASCII बाइनरी में न्यूमेरिक कोड का उपयोग करके कैरेक्टरों (characters) को निरूपित करता है।
4. LAN इंटरनेट जैसे व्यापक भौगोलिक नेटवर्क को संदर्भित करता है।

Q.89 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 617 335 930 459 571 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. 17
2. 14 ✔
3. 13
4. 15

Q.90 तीन संख्याएं $4:5:6$ के अनुपात में हैं और उनका औसत 40 है। सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32
2. 42
3. 44
4. 48 ✔

Q.91 एक इलेक्ट्रिक पंप एक टैंक को 8 घंटे में भर सकता है। टैंक में रिसाव के कारण, टैंक को भरने में $9\frac{1}{3}$ घंटे लगते हैं। यदि इस अवधि के दौरान किसी अन्य बिंदु से पानी टैंक में न तो आता है और न ही बाहर जाता है, तो इस रिसाव से पूरा टैंक कितने समय में खाली हो जाएगा?

Ans
1. 56 घंटे ✔
2. 39 घंटे
3. 50 घंटे
4. 52 घंटे

Q.92 रमेश ने एक दुकान से ₹(x + y) प्रति गुड़िया की दर से (4x - 3y) गुड़िया खरीदी। रमेश द्वारा दुकानदार को भुगतान की गई कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹ $(x^2 - xy + y^2)$
2. ₹ $(x^2 - xy + 3y^2)$
3. ₹ $(4x^2 - xy + y^2)$
4. ₹ $(4x^2 + xy - 3y^2)$ ✔

Q.93 आदित्य बिड़ला मेमोरियल पोलो फाइनल कप 2025 में रजनीगंधा अचीवर्स से हारने वाली टीम का नाम क्या है?

Ans
1. रजनीगंधा पोलो टीम
2. आदित्य बिड़ला ग्रुप
3. जिंदल पैंथर ✔
4. नई दिल्ली पोलो टीम

Q.94 A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के बाएं से गिनने पर D और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, R के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। C, A के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। S, C के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दाएं से गिनने पर B और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक
2. तीन ✔
3. चार
4. दो

**Q.95** संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 5 | 2 | 3 | 4 | $ | & | 6 | @ | # | % | + | 8 | 9 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | A | D | F | G | H | J | K | L | Z | X | C | V | B | M |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

3 4 9 7

**Ans**
1. MGBF ✗
2. FBBM ✗
3. FGGM ✓
4. FGBM ✗

**Q.96** मुख्य वर्ग तत्वों (group elements) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

**Ans**
1. इनकी अभिक्रियाशीलता किसी भी आवधिक प्रवृत्ति का अनुसरण नहीं करती है। ✓
2. इनमें s-ब्लॉक और p-ब्लॉक दोनों तत्व शामिल हैं। ✗
3. इन्हें निरूपक तत्व भी कहा जाता है। ✗
4. इनके संयोजी कोश विन्यास, रासायनिक व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने में मदद करते हैं। ✗

**Q.97** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

QK15 OI26 MG37 KE48 ?

**Ans**
1. IC58 ✗
2. IC59 ✓
3. ID58 ✗
4. ID59 ✗

**Q.98** $\left[(24 \times 6) \times \left\{2 \div 2 \times \left(18 - \frac{12}{2}\right)\right\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 432 ✗
2. 872 ✗
3. 1728 ✓
4. 1435 ✗

**Q.99** लोगों के एक समूह में पुरुष, महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं। उनमें से 20% पुरुष हैं, 30% महिलाएँ हैं और बाकी बच्चे हैं, और उनका औसत वज़न क्रमशः 50 kg , 40 kg और 40 kg है। समूह का औसत वज़न (kg में) कितना है?

**Ans**
1. 39 ✗
2. 38 ✗
3. 42 ✓
4. 37 ✗

**Q.100 एमएस एक्सेल में 'नेम्ड रेंज (Named Range)' को परिभाषित करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

**Ans**

✗ 1. चयनित डेटा से एक विजुअल चार्ट या ग्राफ़ बनाना

✗ 2. सेल्स की चयनित रेंज में डेटा को एन्क्रिप्ट करना

✗ 3. सेल्स के समूह पर विशिष्ट फॉर्मेटिंग लागू करना

✓ 4. सूत्रों (formulas) में अधिक वर्णनात्मक और समझने में आसान नाम का उपयोग करके किसी सेल या सेल की रेंज को संदर्भित करना